छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

क्रमांक/4512/39/विज्ञापन/2024 नवा रायपुर, दिनांक : 10/12/2024

:: शुद्धि पत्र ::

शुद्धि पत्र क्रमांक 01/2024/परीक्षा/ दिनांक 10/12/2024

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार/ उप निरीक्षक संवर्ग/ प्लाटून कमाण्डर [गृह (पुलिस) विभाग] के 341 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 02/2024/परीक्षा/ दिनांक 21/10/2024 जारी कर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की तिथि दिनांक 23/10/2024 से 21/11/2024 तक निर्धारित की गई थी।

छत्तीसगढ शासन गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 2-3/2024/रापुसे/गृह-दो दिनांक 10/12/2024 के अनुसार छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2021 के 8[3] (क) एवं (ख) में ऊंचाई एवं सीने के माप में छूट/शिथिलीकरण की स्वीकृति केवल एक बार के लिए दी गई है, अत: विज्ञापन की कंडिका 02 (v) (क) एवं (ख) के अंत में क्रमश: निम्न कंडिकाए जोड़ी जाती हैं :-

* न्यूनतम ऊंचाई 163 सेमी. (केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों के लिये)।
* सीना बिना फुलाये 78 सेमी. एवं फुलाने पर 83 सेमी. (केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों के लिये)।

विज्ञापन क्रमांक 02/2024/परीक्षा/ दिनांक 21/10/2024 की शेष समस्त शर्ते/कंडिकाएं यथावत रहेंगी।

उक्त आधार पर ऑनलाइन आवेदन की तिथि को समस्त आवेदकों हेतु संशोधित किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन करने की संशोधित तिथि दिनांक 11/12/2024 मध्यान्ह: 12:00 बजे से 25/12/2024 रात्रि 11:59 बजे तक नियत की जाती है। ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार दिनांक 26/12/2024 मध्यान्ह: 12:00 बजे से 27/12/2024 रात्रि 11:59 बजे तक तथा सशुल्क त्रुटि सुधार दिनांक 28/12/2024 मध्यान्ह: 12:00 बजे से 29/12/2024 रात्रि 11:59 बजे तक किए जा सकेंगे। जो आवेदक पूर्व में ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं उन्हें पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। त्रुटि सुधार अवधि में सभी अभ्यर्थी आवश्यकता होने पर अपने आवेदन में त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

सही/-

सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर अटल नगर